# मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड,
# भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांकः–1435 भोपाल, दिनॉक 26/12/2022

## वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी की संविदा नियुक्ति

"मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड", कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पंजीकृत शासकीय कम्पनी के रूप में कार्यरत है। निगम शासकीय विभागों हेतु निर्माण का कार्य करता है।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम में वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति की जाना है। इस पद हेतु निम्नानुसार योग्यता आवश्यक है,

1. **शैक्षणिक योग्यता**
   (अ) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट संस्थान की सदस्यता ।
   (ब) कम्पनी सचिव की योग्यता रखने वाले अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।
2. **अनुभव**
   वित्त एवं लेखा से संबंधित कार्यो का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव जो कि मुख्यतः निम्न कार्यो से संबंधित हो,
   (अ टैली अकाउन्टिग
   (ब) ईआरपी
   (स) अकाउन्ट फाईनालाईजेशन
   (द) संचालक मण्डल आदि की बैंठको का आयोजन
   (ध) ऑडिट
   (ड) कम्पनी अधिनियम, 2013 से संबंधित कार्य

आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि दिनॉक 23/01/2023. है।
रिक्त संविदा पद की अर्हता, सामान्य शर्ते, आवेदन पत्र का प्रारूप निगम की वेबसाइट www.policehousing.mp.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक

Scanned with CamScanner

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, मुख्यालय, भोपाल में रिक्त वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी की संविदा नियुक्ति हेतु शर्ते

1. संविदा पद का विवरणः–

| क्रमांक | पदनाम | कुल रिक्त पद | संवर्ग जिसके लिये आरक्षित है | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी | 01 (वार्षिक संविदा के आधार पर) | अनारक्षित | कार्य के मूल्यांकन के आधार पर प्रतिवर्ष कार्यकाल 01 वर्ष हेतु बढाया जा सकेगा। |

2. संविदा नियुक्ति के लिये आवश्यक अर्हकारी शर्तेः–

(ए) शैक्षणिक योग्यता

(अ) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट संस्थान की सदस्यता ।

(ब) कम्पनी सचिव की योग्यता रखने वाले अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

(बी) अनुभव

वित्त एवं लेखा से संबंधित कार्यो का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव, जो कि, मुख्यतः निम्न कार्यो से संबंधित हो,

(अ) टैली अकाउन्टिग

(ब) ईआरपी

(स) अकाउन्ट फाईनालाईजेशन

(द) संचालक मण्डल आदि की बैंठको का आयोजन

(ध) ऑडिट

(ड) कम्पनी अधिनियम, 2013 से संबंधित कार्य

(सी) निजी क्षेत्र के अभ्यार्थी

उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले निजी क्षेत्र में कार्यरत अभ्यार्थी अपना आवेदन संलग्न प्रारूप में आवश्यक सहपत्र एवं स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित दिनॉक तक प्रेषित करेंगे। इस हेतु एकजाई संविदा वेतन राज्य शासन के संयुक्त संचालक के वेतनमान के अनुसार लगभग रू. 1.10 लाख से रू. 1.20 लाख प्रतिमाह होगा। प्रत्येक वर्ष इस राशि में, कार्य के मूल्यांकन के आधार पर, शासन के मापदण्डो के अनुसार वृद्धि की जा सकेगी।

(डी) शासकीय/अर्धशासकीय क्षेत्र के अभ्यार्थी

उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले कार्यरत/अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण करने के पश्चात आवेदन करने वाले शासकीय/अर्धशासकीय क्षेत्र के अभ्यार्थी अपना आवेदन संलग्न प्रारूप में आवश्यक सहपत्रो एवं स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों सहित निर्धारित दिनॉक तक प्रेषित करेंगे। ऐसे कार्यरत अभ्यार्थियों का एकजाई संविदा वेतन लगभग रू. 1.10 लाख से रू. 1.20 लाख प्रतिमाह तथा अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर चुके अभ्यार्थियों का संविदा वेतन उनके कुल अंतिम वेतन में से पेंशन की राशि घटाकर निर्धारित किया जायेगा। जो अभ्यार्थी प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन करते है, उनका अंतिम वेतन नियमानुसार 'प्रोटेक्ट' किया जायेगा। ऐसे अभ्यार्थियों द्वारा उनके चयनित होने की स्थिति में बाद में आवश्यकतानुसार अन्य जानकारी/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

Scanned with CamScanner

(ई) सेवा नियम

संविदा पर नियुक्त अधिकारी पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) निगम, 1965 लागू होगे। उक्त पद पर कार्य करते हुए यदि उनके विरूद्व म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत कार्य करने की सूचना प्राप्त होती है तो उन्हें सम्यक जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर प्रबंध संचालक द्वारा उचित कार्यवाही किये जाने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त निगम में प्रचलित सुसंगत सेवा शर्ते भी लागू होगी।

(एफ) आवेदन हेतु समय सीमा

समस्त अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आवश्यक सहपत्र एवं स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों सहित निगम मुख्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भदभदा रोड, भोपाल – 462003 में दिनॉक 23/01/2023 को कार्यालयीन समय 6:00 बजे अपरान्ह तक व्यक्तिशः अथवा डाक से भेज सकेगे। दिनॉक 23/01/2023 के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगे। डाक पत्र के विलम्ब के लिये निगम उत्तरदायी नहीं होगा। अतः समस्त अभ्यार्थी नियत दिनॉक तक सभी कॉलमों की पूर्ति कर आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित अपना आवेदन पत्र समय अवधि में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(जी)अन्य

कार्यालय द्वारा जारी की गयी विज्ञप्ति एवं चयन प्रकिया को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये प्रबंध संचालक, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नः– आवेदन का प्रारूप

प्रबंध संचालक<br>
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं<br>
अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल

Scanned with CamScanner

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल**
**संविदा वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप**

1. आवेदक का पूरा नाम :–
2. पिता का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. वर्तमान पद :–
5. वर्तमान पद पर नियुक्ति दिनॉकः –
6. सेवानिवृत्ति दिनॉक (यदि लागू है) :–
7. वर्तमान/ सेवा निवृत्ति के दिनॉक का वेतनमान एवं उस पर प्राप्त कुल वेतन (कृपया स्वप्रमाणित प्रमाणपत्र संलग्न करें)
   अ. वेतनमान (यदि लागू है)
   ब. कुल वेतन रू.
8. **कार्यानुभव का विवरण** :–

| सं.क्र. | संस्थान/ विभाग का नाम | धारित पद | किये गये कार्य का विस्तृत विवरण | दिनॉक से | दिनॉक तक | कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |

(कृपया वर्तमान पद से प्रारंभ कर के पूर्व में पदो तक की जानकारी दे तथा स्वप्रमाणित प्रमाणत्र संलग्न करें। यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पृष्ठ संलग्न करें )

9. **शैक्षणिक योग्यता** :–

| सं. क. | योग्यता का विवरण | संस्थान/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | परिणाम एवं श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

(कृपया दसवीं/हायर सेकेन्डरी से प्रारंभ करके आज दिनॉक तक उत्तीर्ण की गयी शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण दे तथा स्वप्रमाणित अंकसूची/ प्रमाणपत्र संलग्न करें। यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पृष्ठ संलग्न करें )

10. सेवा काल में प्रशंसनीय कार्यो के लिये प्राप्त प्रशंसा पत्र की संख्या :–
    (प्रशंसा पत्र की सत्यापित प्रतियॉ संलग्न करें)

11. सेवा काल में प्राप्त दण्ड लघुशस्ति, दीर्धशस्ति, चेतावनी आदि की संख्या (केवल शासकीय/अर्धशासकीय अभ्यार्थियों हेतु) :–
    (दिनॉक सहित पृथक–पृथक कम में अंकित कर सूची संलग्न की जावें)

Scanned with CamScanner

12. लंबित/निराकृत, विभागीय जॉच, अपराधिक प्रकरण, अनुशासनिक जॉच की पृथक–पृथक संख्या (केवल शासकीय/अर्धशासकीय अभ्यार्थियों हेतु) :–

(पूर्ण सेवाकाल में कुल आदेशित/निराकृत जॉच का विवरण पृथक–पृथक सूचीबद्व कर संलग्न किया जावे)

अपूर्ण आवेदन पत्र बिना किसी सूचना के अस्वीकार कर नस्तीबद्व कर दिया जावेगा।

संलग्नक– कुल पेज संख्या :–

दिनॉक

आवेदक के हस्ताक्षर

## //सत्यापन–प्रमाण–पत्र//

मैं ........................................................................ शपथ पूर्वक, सत्य निष्ठा से सत्यापित करता हूँ कि आवेदन पत्र में सं.क. 01 से 12 तक मेरे द्वारा अंकित की गयी जानकारी जहॉ तक मुझे ज्ञात है, मेरे अभिलेख अनुसार सही एवं सत्य है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त कर मेरी प्रतिभागिता निरस्त कर मेरे विरूद्व कार्यवाही के लिये प्रबंधन को अधिकार होगा।

दिनॉक

आवेदक के हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner